दैनिक
# न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### 12 वीं बोर्ड के गणित विषय के द्वितीय अवसर परीक्षा संपन्न

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा संचालित द्वितीय मुख्य/ अवसर हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा-2024 के तहत 29 जुलाई को 12 वीं बोर्ड के गणित विषय की परीक्षा संपन्न हुई। जिसमें 1158 परीक्षार्थी संख्या दर्ज की गई थी। जिसमें से 1085 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाई। 73 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिले में कहीं भी नकल प्रकरण दर्ज नहीं किया गया है। परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

### सारंगढ़ और बरमकेला में 30 जुलाई को जनसमस्या निवारण शिविर

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** नगरीय निकायों का जनसमस्या निवारण शिविर 30 जुलाई 2024 को नगरपालिका परिषद सारंगढ़ के प्रतापगंज रंगमंच में वार्ड 2 और 3 के लिए सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित है। सारंगढ़ में उत्तम सिंह कंवर उप अभियंता मो. नं. 9479036791 को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। नगर पंचायत बरमकेला के वार्ड 5 और 6 के लिए वार्ड 7 के इंदिरा चौक में सुबह 10.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक शिविर आयोजित किया जाएगा। बरमकेला में ऋषिकेश पटेल उप अभियंता मो. नं. 7999848940 को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इस जनसमस्या निवारण शिविर में नल कनेक्शन, राशन कार्ड, राष्ट्रीय परिवार सहायता, सभी प्रकार के पेंशन, कर भुगतान, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, भवन निर्माण अनुज्ञा, अनापत्ति प्रमाण पत्र, नामांतरण, स्वरोजगार के प्रकरण, नल लीकेज, नलों में पानी नहीं आना, नालियों और गलियों की सफाई, सार्वजनिक नलों के प्लेटफार्म से पानी बहना, कचरे की सफाई व परिवहन, टूटी-फुटी नालियों की मरम्मत, सड़कों के गड्ढे भरना, बिजली खंभों की लाइट, का बंद रहना आदि कार्यों का निराकरण किया जाएगा।

### फल दुकान में घुसा दी वाहन

**कोरबा (आरएनएस)।** कोबा जिले के हरदी बाजार थाना अंतर्गत भिलाई बाजार चौक समीप फल दुकान का संचालक बाल-बाल बचा। जानकारी के अनुसार एक बैगनार कार के चालक नराईबोध निवासी जो की एक हाथ और पैर से पैरालिसिस होने के बावजूद लापरवाही पूर्वक अपनी कार चलाते हुए भिलाई बाजार चौक में लगा फल दुकान पर सीधा गाड़ी को घुसा दिया। दुकान का संचालक मणि शंकर पाटले एवं उसकी पत्नी बाल-बाल बचे। जहां वह बैठता था उसी जगह में गाड़ी जा घुसी। फिलहाल किसी प्रकार की अनहोनी नहीं हुई। लोगों का कहना है पैरालिसिस होने के बाद भी स्वयं अपनी कार को चलाता है और इस तरह से दुर्घटना और एक दो बार हो चुकी है। आज की घटना के समय मणि शंकर पाटले वहां बैठा रहता तो कुछ भी घटना घट सकती थी फिलहाल आपसी राजी नामा कर मामला सुलझा लिया गया है।

### नहर में मिली लापता महिला की लाश

**कोरबा (आरएनएस)** कोरबा में उरगा थाना के ग्राम बरीडीह स्थित नहर में महिला का शव मिला है। मृतका की पहचान भिलाई खुर्द निवासी गुरुवारिन पटेल (49 वर्ष) के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार भिलाई खुर्द निवासी गरूवारिन पटेल शनिवार की दोपहर खेत देखने जाने के नाम से घर से निकली थी और घर नही लौटी। महिला जब घर नहीं आई तो परिजनों ने तलाश शुरू की। महिला के घर में पति और दो बेटे सहित पड़ोसी भी महिला की तलाश में जुटे हुए थे। उसकी तलाश कर ही रहे थे कि सोमवार की सुबह ग्रामीणों की नजर महिला पर पड़ी। महिला की लाश नहर में तैर रही थी। लाश मिलने की जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। बताया जाता है कि महिला रोज खेत में काम करने सुबह जाती थी और शाम तक वापस लौट आती थी। अनुमान लगाया जा रह है कि खेत में काम करने के दौरान वह नहर में गई होगी और तेज बहाव में बह गई होगी। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

# जन समस्या निवारण शिविर के माध्यम से जनसामान्य हो रहे लाभान्वित

- सिंचाई पम्प से मनमोहन एवं स्प्रिंकलर से गजानंद को कृषि में होगी आसानी
- सिंचाई की सुविधा मिलने से लेंगे द्विफसल, होंगे आर्थिक रूप से सशक्त







**रायगढ़**

जन समस्या निवारण शिविर जनसामान्य के लिए लाभकारी सिद्ध हो रही है। जहां जिला प्रशासन लोगों के गांवों तक पहुंचकर विभागीय योजनाओं से लाभान्वित कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त करने का कार्य भी कर रही है। इसी कड़ी में कृषि विभाग द्वारा संचालित शाकम्भरी योजना के लाभ मिलने से अब मनमोहन सिंह राठिया एवं गजानंद राठिया के लिए खेती-किसानी में आसानी होगी। धरमजयगढ़ विकासखण्ड के ग्राम-भुण्डीबहरी निवासी मनमोहन राठिया ने बताया कि वे एक छोटे किसान है उनके पास चार एकड़ की कृषि जमीन है, जो नदी से लगी हुई है, लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण वे दो फसल नहीं ले पाते थे। इसके साथ ही वर्षा नहीं होने की स्थिति में आर्थिक नुकसान भी झेलना पड़ता था। लेकिन अब विभागीय योजना से सिंचाई के लिए विद्युत पम्प मिलने से वे आसानी से अपने खेतों में सिंचाई कर सकते है। उन्होंने बताया कि गर्मी के दिनों में भी फसल के साथ साग-सब्जी लगायेंगे जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी।

इसी प्रकार गजानंद राठिया ने बताया कि जन समस्या निवारण शिविर में उन्हें स्प्रिंकलर सेट मिला है। स्प्रिंकलर सेट असमतल खेतों में सिंचाई के लिए बहुत उपयोगी है। उन्होंने बताया कि पहले सिंचाई में काफी पानी व्यर्थ होता था। साथ ही पूरे खेत में समुचित सिंचाई नहीं होने से फसल लेने में दिक्कत होती थी। लेकिन अब कम पानी में स्प्रिंकलर की सहायता से सही ढंग से सिंचाई हो पाएगी। इससे पानी की बचत के साथ सभी प्रकार की फसल ले सकते है।

श्रम कार्ड से लाभान्वित विजय नगर निवासी सूरज प्रताप राठिया ने जन समस्या निवारण शिविर की सराहना की। उन्होंने कहा कि यहां सभी विभाग उपस्थित है, जहां अपने आवश्यकतानुसार पंजीयन कराकर योजनाओं का लाभ ले सकते है। पहले किसी भी कार्य के लिए जिला मुख्यालय तक जाना पड़ता था। लेकिन शिविर के माध्यम से अब गांवों में ही कार्य आसानी से हो रहा है। जिससे समय एवं पैसे दोनों की बचत हो रही है।

उल्लेखनीय है कि जनसामान्य के समस्याओं को निराकरण करने के उद्देश्य से जन समस्या निवारण शिविर के माध्यम से जिला प्रशासन जिले के दूरस्थ अंचलों में लगातार पहुंच रही है। जिससे लोगों की मूलभूत आवश्यकता, शिकायत एवं मांग से संबंधित समस्याओं का समाधान उनके गांव में ही हो रहा है। बीते दिनों आयोजित शिविर में अब तक 2500 से अधिक आवेदनों का निराकरण तत्काल किया गया है। शिविर में विभागीय योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाए जाते है, जहां ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही उन्हें योजनाओं से लाभान्वित किया जाता है। शिविर में स्वास्थ्य विभाग के भी स्टॉल लगाए जा रहे है। जिससे मौके पर ग्रामीणों की बीपी, शुगर, ब्लड टेस्ट के साथ ही सामान्य चिकित्सकीय सुविधा का लाभ भी मिल रहा है।

## जनसमस्या निवारण पखवाड़ा शिविर में 146 लोगों ने कराया स्वास्थ्य जांच



**रायगढ़**

नगर निगम क्षेत्र रायगढ़ में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन आज से शुरू हो गया। यह शिविर रायगढ़ के चिन्हांकित स्थलों पर सभी वार्डो के लिए प्रतिदिन प्रात: 10 बजे से लगाया जाएगा। जिसमें विभागों द्वारा स्टॉल लगाये जायेंगे। आज प्रथम दिन सामुदायिक भवन गांधी नगर काशीराम चौक रायगढ़ में आयोजित हुआ। शिविर में सीएमएचओ डॉ.चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें दवा वितरण, लैब जांच, एन.सी.डी.आयुष्मान कार्ड एवं आवश्यक स्वास्थ्य सुविधा मुहैय्या करवायी गई। ताकि शिविर के माध्यम से जनसामान्य स्वास्थ्य सेवा का लाभ उठा सके। शिविर में एन.सी.डी.-88, ओ.पी.डी.-40, सिकलसेल-18, कुल 146 लोगों को स्वास्थ्य जांच किया गया। जनसमस्या निवारण शिविर के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल के माध्यम से शहरी क्षेत्रों के लोगों को स्वास्थ्य सेवा का लाभ मिलेगा और उनकी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का निवारण किया जाएगा। शिविर में चिकित्सा अधिकारी और स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित रहेंगे और लोगों को स्वास्थ्य सेवा प्रदान करेंगे।

## हाई स्कूल पंचपारा में प्रारंभ हुआ पाँच दिवसीय आंग्ल भाषा प्रशिक्षण

**रायगढ़**



राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर के निर्देशानुसार विकास खंड पुसौर के समस्त प्राथमिक शालाओं में अध्यापन करने वाले आंग्ल भाषा हेतु एक शिक्षक को प्रशिक्षित किया जाना है। जिसमें अंग्रेजी विषय को रुचिकर व गतिविधि आधारित बनाकर बच्चों को सिखाने के लिये शिक्षकों को प्रशिक्षित करना है। जिसके अंतर्गत विकास खंड पुसौर के सभी प्राथमिक शालाओं के शिक्षकों का दो चरणों में हाई स्कूल पंचपारा में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रथम चरण के प्रथम दिवस का प्रारंभ 29 जुलाई से किया गया है। जिसमें विकास खंड स्त्रोत समन्वय शैलेन्द्र मिश्रा, संकुल शैक्षिक समन्वयक श्रवण कुमार साव, बीआरपी शांती ठाकुर व संस्था के शिक्षकों की उपस्थिति में मां शारदे के कमल रज को प्रणाम करते हुये शारदा पूजन के साथ प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। बीआरसी मिश्रा द्वारा प्रशिक्षण के उद्देश्य को बताते हुये गंभीरता पूर्वक एवं अनुशासित रहकर प्रशिक्षण लेने की बात कही गयी। मास्टर प्रशिक्षक भुवनेश्वर चौहान के द्वारा प्रशिक्षण संबंधित सभी महत्वपूर्ण बातों पर प्रकाश डाला गया। उनके द्वारा अंग्रेजी में बात करने, व्यवहार में अंग्रेजी शब्दों का प्रयोग करने, गतिविधि आधारित प्रशिक्षण आदि बिन्दुओं के आधार पर प्रकाश डालकर प्रशिक्षण गंभीरतापूर्वक लेने का हेतु आग्रह किया। इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षक मंडल भुवनेश्वर चौहान, कृष्णा चौहान, सुमन पटेल, रश्मि नायक, अजीम प्रेमजी फाउण्डेशन से तन्मय, रिया और ऋषभ शामिल रहे। आज के कार्यक्रम का संचालन दुरेन्द्र नायक के द्वारा किया गया, प्रशिक्षण में हाई स्कूल पंचपारा एवं प्रा.मा.शाला पंचपारा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## बाढ़ आपदा से बचाव एवं राहत व्यवस्था के लिए तहसीलवार अधिकारियों के नंबर जारी

- जिला मुख्यालय में स्थापित है कंट्रोल रुम, कॉल कर दे सकते है सूचना

**रायगढ़**

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में मानसून-2024 में प्राकृतिक आपदा से बचाव एवं राहत व्यवस्था के लिए तहसीलवार अधिकारियों के नंबर जारी किए गए है। किसी प्रकार की आपातकालीन स्थिति में रायगढ़ जिला मुख्यालय में स्थित कंट्रोल रूम में सूचना के साथ ही उस तहसील के अधिकारियों से भी मदद ली जा सकती है। जिसमें तहसील रायगढ़ में नायब तहसीलदार गिरीश निम्बालकर मोबा.नंबर 7999907939 पर प्राकृतिक आपदा से बचाव एवं राहत व्यवस्था के संबंध में सूचना दे सकते है। इसी तरह पुसौर तहसील में प्रभारी तहसीलदार नेहा उपाध्याय मोबा.नं.73893-60406, तहसील खरसिया में प्रभारी तहसीलदार शिवकुमार डनसेना मोबा.नं.79877-12715, तहसील घरघोड़ा में प्रभारी नायब तहसीलदार विकास जिंदल मोबा.नं.70009-47541, तहसील तमनार में तहसीलदार ऋचा सिंह मोबा. नं.80857-44738, तहसील लैलूंगा एवं मुकडेगा में प्रभारी नायब तहसीलदार रश्मि पटेल मोबा.नं.70676-74660, तहसील धरमजयगढ़ में प्रभारी तहसीलदार भोजकुमार डहरिया मोबा.नं.62673-23260 तथा तहसील छाल व कापू में तहसीलदार नंदकिशोर सिन्हा को मोबा.नं.79873-00466 पर संपर्क कर सूचना दे सकते है।

**बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित, कंट्रोल रूम 07762-223750 पर दे सकते है सूचना** - कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में मानसून-2024 में प्राकृतिक आपदा से बचाव एवं राहत व्यवस्था के संबंध में जिला कार्यालय रायगढ़ के कक्ष क्रमांक 42 में जिला स्तरीय बाढ़ आपदा राहत कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। यह कंट्रोल रूम 24 घंटे संचालित है। कंट्रोल रूम का दूरभाष नंबर 07762-223750 है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष हेतु डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी, बाढ़ आपदा राहत शाखा रेखा चन्द्रा मोबा.नं.97528-06153 को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

**जिले में 416.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज**

चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 29 जुलाई तक 416.4 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 2.5 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 497.4 मिली मीटर, पुसौर में 513.8, खरसिया में 375.3, घरघोड़ा में 415.2, तमनार में 332.8, लैलूंगा में 373, मुकडेगा में 448.2, धरमजयगढ़ में 305.3 छाल में 445.7 एवं कापू में 457 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

## किराए में लिए कैमरे को अपना बताकर दुगने दाम पर दिया करता था किराए : धोखाधड़ी के अपराध में युवक गिरफ्तार

- आरोपी से 4 नग डीएसएलआर कैमरे जब्त, जूटमिल पुलिस ने आरोपी को धोखाधड़ी के अपराध में भेजा जेल

**रायगढ़**

दिनांक 28/07/2024 को थाना जूटमिल में कैदीमुडा वार्ड क्रमांक 30 में रहने वाले हरि गोस्वामी (उम्र 35 वर्ष) द्वारा शिवम चौहान निवासी रेलवे बंगलापारा के विरुद्ध धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराया गया। रिपोर्टकर्ता ने बताया कि उसकी घर पर फोटो स्टूडियो है, उसके जान परिचित अशोक चौहान के माध्यम से शिवम चौहान उर्फ पिंटू से जान परिचय हुआ था। शिवम चौहान द्वारा छत्तीसगढ़ी वीडियो एल्बम रील्स बनाने की बात कह कर इससे डीएसएल कैमरा किराए पर ले जाता था। हरि गोस्वामी ने बताया कि 26 जून 2024 को शिवम चौहान एक कैमरा रु.1000 प्रतिदिन के हिसाब से किराए में लेकर गया था। उसके बाद और कैमरे की आवश्यकता बताने पर हरि गोस्वामी अपने परिचित के फोटोग्राफर से 02 नग कमरे की व्यवस्था कर रु.1000 प्रतिदिन के हिसाब से किराए पर दिया था। हरि गोस्वामी को कैमरे की आवश्यकता पड़ने पर शिवम चौहान से कैमरे वापस करने बोला तो शिवम आज काल कहकर टालमटोल किया। इसी बीच हरि गोस्वामी को जानकारी मिली कि शिवम चौहान एक और फोटोग्राफर से रु.400 प्रतिदिन के हिसाब से कैमरा किराया पर लिया है जिसे उसने पुसौर में कंप्यूटर दुकानवाले को रु.1400



प्रतिदिन के हिसाब से किराए में दे रखा है। जालसाज शिवम चौहान से कैमरा मांगने पर कैमरा वापस नहीं किया। तब हरिगोस्वामी द्वारा थाना जूटमिल में धोखाधड़ी के संबंध में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया, आरोपी शिवम चौहान के विरुद्ध अपराध क्रमांक 342/2024 धारा 420, 406 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

अपराध कायमी के तत्काल बाद थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज द्वारा अपने स्टाफ के साथ आरोपी की पतासाजी कर आरोपी शिवम चौहान उर्फ पिंटू को हिरासत में लेकर थाना लाये जिससे पूछताछ करने पर उसने हरि गोस्वामी, राजीव चौहान तथा ओमप्रकाश साहू से लिए गए 04 नग DSLR कमरे में से 02 को पुसौर के भानु कंप्यूटर को रु.1400 और दो को अपने परिचित टीकाराम बर्मन को रु.1200 किराए पर देना स्वीकार किया। आरोपी के मेमोरेंडम पर 04 नग डीएसएलआर कैमरे बरामद कर जपती की गई है। आरोपी शिवम चौहान उर्फ पिंटू पिता नरोत्तम चौहान उम्र 27 साल निवासी गांधीनगर वार्ड नंबर 33 थाना जूटमिल हाल मुकाम किराए का मकान जयराम कॉलोनी रेलवे बांग्ला पारा थाना कोतवाली को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज के हमराह आरोपी पतासाजी गिरफ्तारी में प्रधान आरक्षक दिलदार कुरैशी, आरक्षक सुशील यादव और जितेश चौहान की अहम भूमिका रही है।

## पोल्ट्री फार्म का उधार वसूलने का काम करने वाले युवक ने किया 72,000 रुपए की हेराफेरी

- पोल्ट्री व्यवसायी की रिपोर्ट पर जूटमिल पुलिस ने आरोपी युवक को गबन के अपराध में गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर

**रायगढ़**

दिनांक 28/07/2024 को मिट्ठूमुडा दुर्गा चौक में रहने वाले गुलजार अहमद द्वारा थाना जूटमिल में लिखित आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी रिंकू पोल्ट्री फार्म नाम से पुराना बस स्टैंड के पास पोल्ट्री फार्म संचालित है। पोल्ट्री फार्म का बकाया रकम वसूलने के कार्य के लिए स्माइल खान निवासी जूटमिल को काम पर रखे थे, पिछले 2 साल से स्माइल खान उधारी रकम वसूल कर कैशियर को दिया करता था परंतु जून माह में जोरापाली के अहमद खान के पास मुर्गी बिक्री का 72,000 रूपये इस्माइल खान लेकर कैशियर को नहीं दिया जिसकी जानकारी होने पर स्माइल खान से पूछताछ किये जिसने जोरापाली के अहमद खान से रूपये लेकर आना और स्वयं खर्च कर देना बताया। आरोपित के विरुद्ध अप.क्र. 343/2024 धारा 408 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा आरोपी के सकुनत पर दबिश देकर आरोपी स्माइल खान को हिरासत में लिया गया। आरोपी स्माइल खान पिता अयूब खान उम्र 21 साल निवासी जूटमिल सामने गली थाना जूटमिल द्वारा 14 जून 2024 को जोरापाली के अहमद खान से पोल्ट्री का 72,000 लेना कबूल कर जुर्म स्वीकार किया।

आरोपी रूपयों को जुए में हार जाना बताया। आरोपी से कड़ी पूछताछ करने पर उसने रकम को स्वयं खर्च कर देना बताया जिससे शेष रु.3000 की जप्ती की गई है। आरोपी को जूटमिल पुलिस द्वारा आज गबन के अपराध में गिरफ्तार का न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज के हमराह आरोपी पतासाजी गिरफ्तारी में प्रधान आरक्षक सतीश पाठक, आरक्षक सुशील यादव, जितेश चौहान, शशिभूषण साहू, लखेश्वर पुरसेठ की अहम भूमिका रही है।

## घरघोड़ा पुलिस ने प्रतिबंधित नशीली दवाएं बेच रहे युवक को पकड़ा

- आरोपी से 560 नग प्रतिबंधित टैबलेट जब्त
- आरोपी पर एनडीपीएस एक्ट के तहत की गई कार्यवाही

**रायगढ़**



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर नशे के विरुद्ध जिले में अभियान स्तर पर कार्यवाही जारी है। शनिवार 27 जुलाई को रायगढ़ शहर में नाबालिकों को सुलेशन (पंचर बनाने में काम आने वाला पदार्थ) बेचने वाले पर पुलिस ने प्रतिबंधात्मक कार्रवाई किया गया। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रायगढ़-ग्रामीण राम गोपाल करियारे के मार्गदर्शन पर घरघोड़ा पुलिस द्वारा क्षेत्र में नशे के कारोबार से जुड़े व्यक्तियों पर निगाह रखी जा रही है कि दिनांक 29/07/2024 के दोपहर थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक अमित तिवारी को मुखबिर से सूचना मिली कि ब्लॉक कॉलोनी घरघोड़ा में रहने वाला ललित कनौजिया बायपास रोड ढोरम के पास अवैध रूप से प्रतिबंधित नशीली कैप्सूल रखकर बिक्री करने ग्राहक तलाश कर रहा है।

सूचना पर तत्काल एसडीओपी धरमजयगढ़ सिद्धांत तिवारी को अवगत कराकर उनके मार्गदर्शन पर घरघोड़ा पुलिस द्वारा रेड कार्यवाही के लिए रवाना हुई। पुलिस ने मुखबीर के बताए स्थान पर घेराबंदी कर आरोपी ललित कनौजिया पिता रामचंद्र कनौजिया उम्र 33 साल वार्ड क्रमांक 2 ब्लॉक कॉलोनी घरघोड़ा के कब्जे से थैली में रखा 70 स्ट्रीप, प्रत्येक में 08-08 नग कुल 560 नग प्रतिबंधित SPAMO-PROXYVON PLUS कीमती रु.5,656 की जप्ती की गई है। आरोपी के कृत्य पर थाना घरघोड़ा में धारा 21 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही में सहायक उपनिरीक्षक राजेश मिश्रा, प्रधान आरक्षक पारसमणी बेहरा, आरक्षक राजेश कुमार और दिलीप कुमार साहू, की अहम भूमिका रही है। आगे भी जिले में नशे के विरूद्ध अभियान स्तर पर कार्रवाई जारी रहेगी।

## कोतरा रोड पुलिस ने गुम बच्चों को उसके पिता से मिलाया

- लापता महिला और उसके दो बच्चों को पुलिस ने गुजरात के जामनगर से किया दस्तयाब

**रायगढ़**

थाना कोतरारोड़ क्षेत्र अंतर्गत रहने वाली महिला 14 जून 2024 घरेलू बातों पर नाराज होकर अपने दो छोटे-बच्चों के साथ कहीं चली गई थी। महिला के पति द्वारा अपने स्तर पर खोजबिन करने के बाद महिला और बच्चों के नही मिलने पर 15 जून को थाना कोतरारोड़ में गुम इंसान रिपोर्ट दर्ज कराया गया। महिला का पति बच्चों को लेकर काफी परेशान था, गुम इंसान जांच दौरान उसने अपन बयान में बताया कि 13 जून को उसकी पत्नी के साथ घरेलू बातों को लेकर मामूली बहस हुआ था। दूसरे दिन सुबह पत्नी दोनों बच्चों को लेकर कहीं चली गई। महिला के पति ने बताया कि वह अपने सभी रिस्तेदारों के पास पत्नी व बच्चों को पता किया, कहीं नहीं पता चला रहा है। कोतरारोड़ पुलिस द्वारा सभी थानों को गुम इंसान की सूचना देकर व्हाटसअप ग्रुप में बच्चों को फोटो शेयर कर पतासाजी किया जा रहा था कि कुछ दिनों पहले गुम महिला द्वारा उसके रिस्तेदार से संपर्क किया गया जिसकी जानकारी महिला के पति द्वारा थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी को दी गई। थाना प्रभारी द्वारा सायबर सेल से महिला के संपर्क में आये व्यक्ति का डिटेल निकाला गया जिससे महिला के जामनगर, गुजरात में होने की जानकारी मिली। थाना प्रभारी निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी द्वारा पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल से अनुमति प्राप्त कर तत्काल गुम महिला और बालकों की पतासाजी के लिए पुलिस टीम गुजरात रवाना किया गया, जहां कोतरारोड़ पुलिस द्वारा जामनगर, गुजरात क्षेत्र में गुम महिला और दोनों बच्चों को खोज निकाली। गुम महिला और दोनों बालकों को थाना मेघपर, जामनगर लाया गया। जहां महिला के पति और जीजा के सुपुर्द गुम महिला और दोनों बच्चों को किया गया है।



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन एवं डीएसपी अखिलेश कौशिक के मार्गदर्शन पर गुम इंसान पतासाजी में थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी, प्रधान आरक्षक प्रेम सिदार और आरक्षक शिवा प्रधान, थाना कोतरारोड़ की अहम भूमिका रही है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480